समाचार

# दर्री बस्ती में बनेगा गार्डन, विभिन्न वार्डो में होगें विकास कार्य

## (महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने किया साढ़े 67 लाख रू. की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन)




कोरबा 20 नवम्बर 2019 —नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 53 अंतर्गत दर्री बस्ती में गार्डन का निर्माण कराया जाएगा, वहीं विभिन्न वार्डो में अन्य विकास कार्य होंगे। मंगलवार को महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने साढ़े 67 लाख रूपये के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन किया तथा इन निर्माण कार्यो का शुभारंभ कराया।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 53 अंतर्गत दर्री बस्ती में 37 लाख रूपये की लागत से उद्यान का निर्माण कार्य कराया जाना हैं, इसी प्रकार इसी वार्ड अंतर्गत दर्री में 05 लाख 18 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड व नाली का निर्माण, वार्ड क्र. 52 अंतर्गत दर्रीखार क्र.—1 में विभिन्न स्थानों पर 05 लाख 17 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड व नाली का निर्माण तथा वार्ड क्र. 52 अंतर्गत दर्रीखार क्र—1 में 03 लाख 98 हजार रूपये की लागत से रोड, नाली व भवन मरम्मत का कार्य भी किया जाना हैं। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने दर्री में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान इन विकास कार्यो का भूमिपूजन किया।

**वार्ड क्र. 30, 31 में होंगे बाह्य विद्युतीकरण के कार्य**— नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्ड क्र. 30 अंतर्गत परशुरामनगर दादरनाला के पास 09 लाख 60 हजार रूपये की लागत से बाह्य विद्युतीकरण का कार्य कराया जाना हैं, इसी प्रकार वार्ड क्र. 30 अंतर्गत मानिकपुर में 02 लाख 68 हजार रूपये की लागत से जूनो लाईट प्रदाय एवं स्थापना का कार्य तथा वार्ड क्र. 31 अंतर्गत खरमोरा के सुनील ठाकुर गली एवं पटेल समाज गली तक 03 लाख 90 हजार रूपये की लागत से बाह्य विद्युतीकरण का कार्य किया जाना हैं। इन वार्डो में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त विद्युत संबंधी कार्यो का भूमिपूजन किया तथा कार्यो को प्रारंभ करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

**<u>निर्माणाधीन उद्यान में बच्चों के लिए सुविधाएं बढ़ाएं</u>**– वार्ड क्र. 53 दर्री बस्ती में गार्डन निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आज जिस उद्यान के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया है, उक्त निर्माणाधीन उद्यान में वर्तमान में प्रस्तावित सुविधाओं के साथ–साथ बच्चों के लिए फिसल पट्टी, झूला एवं अन्य मनोरंजक सुविधाओं से संबंधित उपकरण लगाएं ताकि बच्चों के लिए भी यह उद्यान अधिक उपयोगी हो सके।

भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान सभापति धुरपाल सिंह कंवर, जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, एम.आई.सी.सदस्य इस्माईल कुरैशी, सुनील पटेल, सीताराम चौहान, पार्षद अंतराम प्रजापति, मस्तुल सिंह कंवर, वीरसायं धनुवार, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, इंदिरा नवरंग, सूर्यकांत पाण्डेय, अमन पटेल, हरी पटेल, मनोज सिंह कंवर, सुनीता केशरवानी, फारूख मेमन, प्रेमलता मिश्रा आदि के साथ काफी संख्या में वार्डो के नागरिकगण उपस्थित थे।